हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 17 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 झमाझम बारिशः पटना-कुड़ेली मार्ग पर आवागमन ठप



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन हुआ मुश्किल

# एनएच 343 की जर्जर सड़क पर 110 किमी तय करने में लग रहे 6 से 7 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर/बलरामपुर

छत्तीसगढ़ को झारखंड से जोड़ने वाली एनएच 343 सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। आलम यह है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज पहुंचने में बसों को अब 3 की जगह 6 घंटे से भी अधिक समय लग रहा है। इसके बाद भी यह सुनिश्चित नहीं है कि यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच पाएंगे। ऐसा इस लिए क्यों की जगह जगह लगने वाले जाम के कारण कई यात्री बसें वापस लौट जा रही है। जर्जर सड़क और जाम के कारण लम्बी दूरी वाली बसों ने अपना रूट ही परिवर्तित कर दिया है। दूसरी ओर मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों के कीचड व गड्ढों में फंसने और दुर्घटना ग्रस्त होने का सिलसिला भी जारी है। बड़ी बात यह है कि समय रहते ना ही एनएच पर पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो पाया और ना ही पैच रिपेयरिंग हो पाई। यही वजह है कि इस मार्ग पर आवागमन करना आज के लिए सबसे मुश्किल हो गया है। इधर अधिकारी अब बारिश कम होने पर मरम्मत का कार्य शुरू करने की बात कह रहे है लेकिन एनएच पर सड़क निर्माण शुरू होने में समय लगने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- लगातार लग रहा जाम

अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की सड़क 2 लेन सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से 746 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। शासन द्वारा 21 अप्रैल 2022 को दो खडों में सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जिसके तहत राजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ की स्वीकृति दी गई जबकि बाद में संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिलने और टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद भी पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति मिलने में हुई लेट लतीफी के कारण निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया। इस दौरान ठेकेदारों ने सड़क निर्माण से पहले पैच रिपेयरिंग का काम भी समय पर नहीं किया। यदि समय रहते पैच रिपेयरिंग का कार्य कर लिया गया होता तो इस तरह की नौबत ही नहीं आती। बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही पूरी एनएच की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। कई स्थानों पर तो 30 से 40 प्रतिशत सड़क ही बह गई है। इस बीच सड़क पर बने गड्ढों को भरने के लिए एनएच विभाग द्वारा मिट्टी मुरुम डाला जा रहा है जो तेज बारिश में बह जा रहा है या फिर बारिश के कारण कीचड का रूप ले रहा है। ऐसे में सड़क पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है।



औराझरिया के समीप जाम में फंसे वाहन।

### ढाई घंटे में बस पहुंच रही बलरामपुर

एनएच की खस्ताहाल सड़क का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि अंबिकापुर से बलरामपुर की दूरी 85 किमी है और इस मार्ग पर चलने वाली बस को बलरामपुर पहुंचने में पहले दो घंटे का समय लगता था लेकिन अब बसें साधे चार घंटे में बलरामपुर पहुंच रही है। बुधवार को भी सुबह 6 बजे अंबिकापुर से चलने वाली बस सुबह 10.30 बजे बलरामपुर पहुंची जबकि बलरामपुर से रामानुजगंज पहुंचने में जहां आधा घंटा लगता था वहीं अब दो घंटे में लोग रामानुजगंज पहुंच रहे है। ऐसे में कुल मिलाकर अंबिकापुर से रामानुजगंज पहुंचने में लोगों को 6 से 7 घंटे का समय बस में लग रहा है। यही कारण है कि जाम और खराब सड़क के कारण लम्बी दूरी तय कर झारखंड, बिहार की ओर जाने वाली यात्री बसों ने अपने मार्ग परिवर्तित कर दिए है और बसें अंबिकापुर से प्रतापपुर होते हुए आवगमन कर रही है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को अब झारखण्ड बिहार जाने के लिए पहले अंबिकापुर जाना पड़ रहा है।

### हर दिन लग रहा जाम

एनएच की जर्जर सड़क पर आवगमन मुश्किल हो गया है और गड्ढों के कारण सफर पूरा करना एक चुनौती बन गया है। वहीं दूसरी ओर जर्जर सडक के कारण वाहन खराब हो रहे है और बीच सड़क पर वाहनों के फंसने से एनएच पर हर दिन जाम लग रहा है। बुधवार को भी औरा झरिया के पास एक ट्रक पहले से खराब पडा हुआ था और खराब सड़क के कारण क्लिंकर लोड ट्रक खराब हो गया। ऐसे में सड़क पर दोनों ओर लगभग दो किमी लम्बा जाम लग गया। यह जाम सुबह 8 से सुबह 11 बजे तक जारी रहा। इसके पहले भी मंगलवार को सेमरसोत और दलधोवा के बीच घंटों का जाम लगा था जबकि इसके पहले भी औराझरिया के समीप जाम लग गया था। एनएच 343 पर प्रतिदिन दो से तीन बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में जाम में फंसने से लोगों की परेशानी दो गुनी हो गई है।

### ठेकेदार आए लेकिन काम शुरू नहीं

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सडक निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ठेकेदार आ गये है। एनएच पर निर्माण के तीन तीन खडों में टेंडर किए गये है। इसमें स्वीकृत राशि के विपरीत रजपुरी खुर्द से पस्ता पाढ़ी तक 49 किमी सड़क निर्माण के 240 करोड़, बडकी महरी से रामानुजगंज बोर्डर तक 30 किमी सडक के लिए 111 करोड़ और काली घाट संजय नगर से रजपुरी खुर्द तक 13.7 किमी बाईपास सड़क के लिए 90 करोड़ रूपए में टेंडर हुआ है। टेंडर होने के बाद तीनों ठेकेदार आ गये है और काम शुरू होने से लेकर पूर्ण होने तक सड़क को चलने योग्य बनाए रखना ठेकेदार का काम है। एनएच के अधिकारियों का कहना है कि बारिश के समय डामरीकरण संभव नहीं है लेकिन बारिश कम होने पर गड्ढों को भरकर सडक को बराबर करने का काम किया जाएगा ताकि पानी जमा ना हो और आवागमन जारी रहे लेकिन बड़ी बात यह है कि टेंडर लेने के बाद ठेकेदारों ने समय रहते पैच रिपेयरिंग का काम नहीं किया और उनकी यह लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

### छोटे वाहनों का आवागमन सबसे मुश्किल

एनएच पर बस-ट्रकों जैसे भारी वाहनों का आवगमन करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में छोटे वाहनों से आवागमन करना कितना मुश्किल हो गया है इसका अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है। एनएच 343 पर बड़े बड़े गड्ढों में फंसकर आए दिन बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे है जबकि चार पहिया वाहनों को सड़क पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बुधवार को भी एनएच पर एक कार गड्ढों के कारण दुर्घटना की शिकार हो गई और कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई।



जब्त भरमार बंदूक।

# पुलिस ने सर्चिंग के दौरान पीपरढाब जंगल से बरामद भरमार बंदूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के सामरीपाठ थाना क्षेत्र में पुलिस ने जंगल में छिपाकर रखे गए भरमार बंदूक को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद पत्थर के नीचे छिपाए गए भरमार को जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बीडीएस की टीम को तैनात कर मुआयना कराया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है लेकिन आशंका है कि क्षेत्र के ही किसी ग्रामीण द्वारा अवैध शिकार के लिए हथियार को छिपाकर रखा गया था

- पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया था हथियार, सामरी पाठ थाना क्षेत्र की घटना

दरअसल बलरामपुर जिले की सामरीपाठ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीपर ढाब क्षेत्र में जंगल मे हथियार छिपाकर रखा गया है। चूंकि पीपर ढाब पूर्व में नक्सल दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है और पूर्व में यहां नक्सल गतिविधियां होती थी। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर मौके पर बीडीएस टीम के साथ पुलिस बल को रवाना किया गया। बीडीएस की टीम द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया जिसके बाद पुलिस ने पत्थर के नीचे छिपाकर रखे गए भरमार को बरामद किया है। पुलिस द्वारा इस मामले में अज्ञात के खिलाफ आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

### लगातार बरामद हो रहे भरमार

बड़ी बात यह है कि बलरामपुर जिले के कुसमी सामरी, शंकरगढ़ क्षेत्र में लगातार भरमार बरामद हो रहे है। हाल ही में पुलिस ने शंकरगढ़ और कुसमी में दो भरमार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने यह बात कबूल की थी वे इस हथियार का उपयोग जंगली जानवरों के अवैध शिकार के लिए करते थे। ऐसे में संभावना है कि पुलिस की कार्रवाई से डरकर किसी और ग्रामीण ने पकड़े जाने से बचने के लिए अपने अवैध हथियार को जंगल में छिपा दिया था।

### किया गया है बरामद

पीपरढाब के पास हमने जंगल से एक भरमार बरामद किया है। क्षेत्र में ग्रामीण अवैध शिकार के लिए भरमार का उपयोग कर रहे है। पूर्व में भी शंकरगढ़ और कुसमी में दो लोगों को गिरफ्तार कर दो भरमार बरामद कर चुके है। इसी लिए पुलिस से बचने किसी ग्रामीण ने हथियार को जंगल में छिपा दिया था। हमने सुरक्षा दृष्टि से बीडीएस टीम से सर्च कराने के बाद हथियार बरामद किया है। मामले की जांच चल रही है।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी बलरामपुर

## खबर संक्षेप

### रोजगार पंजीयन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन कर सकते हैं आवेदन

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंन्द्र में रोजगार पंजीयन ऑनलाईल अथवा प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अथवा जिला रोजगार कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन दिवस में अपने समस्त दस्तावेज जैसे शैक्षणिक अहर्ता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार से लिंक मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार पंजीयन का आधार कार्ड से लिंक करवाना अनिवार्य है। जो आवेदक वर्ष 2024 में अपना पंजीयन रोजगार कार्यालय में कराए हैं, उनके लिए पंजीयन में अपना आधार लिंक कराना आवश्यक है।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर 18 तक

**बलरामपुर।** जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 16 से 18 जुलाई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, तहसील कार्यालय शंकरगढ़, तहसील कार्यालय रामानुजगंज, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर एवं एसआर परिवहन सुविधा केन्द्र राजपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहन के लिए 466 रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए 528 रुपये, चार पहिया वाहनों के लिए 757 रुपये तथा भारी माल वाहनों के लिए 806 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा परिवहन सुविधा केंद्र में फॉर्म भरने पर 50 रुपये अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

### आईटीआई कॉलेज में प्रवेश हेतु आवेदन 23 तक

**बलरामपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामानुजगंज, रामचंद्रपुर एवं वाड्रफनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में व्यवसाय फिटर, विद्युतकार, कोपा, डीजल मैकेनिक में 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जुलाई से प्रारंभ होगी। इच्छुक आवेदक विभाग की वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन पर 16 से 23 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नागाडांड मोड़ के समीप गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर निवासी आदित्य यादव आ. दिनेश यादव (19 वर्ष) वसुन्धरा बिहार में रहता था। गत दिन दोस्त का जन्मदिन मनाने नितेश सहित अन्य दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से मैनपाट गए थे। जन्मदिन मनाने के बाद सभी बाइक से वापस घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार आदित्य यादव व नितेश नागाडांड़ मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को मैनपाट अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आदित्य की मौत हो गई वहीं घायल नितेश का उपचार जारी है।

# जंगल से भटककर गांव में पहुंचे हिरण कुत्ते के हमले में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जंगल से भटककर गांव में पहुंचे हिरण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। इस हमले में हिरण की मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा देने के बाद भी वन विभाग की टीम को मौके पर समय रहते नहीं पहुंच पाई और हिरण ने दम तोड़ दिया। वन विभाग द्वारा पीएम उपरान्त हिरण का अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि 16 जुलाई की सुबह 6 बजे वन परिक्षेत्र के चांदो सर्किल अंतर्गत ग्राम सिरकोतंगा में जंगल से भटककर एक हिरण पहुच गया था। बस्ती में हिरण के आते ही उसे आवारा कुत्तों ने घेर लिया और सिरकोतंगा स्कूल मैदान के पास घेरकर कुत्तों ने हिरण को घायल कर दिया। इस घटना की सूचना गामीणों ने वन विभाग को दी लेकिन सूचना मिलने में हुई देरी और फिर वाहन की व्यवस्था में वन विभाग को देरी हो गई। जब तक वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक हिरण की मौत हो गई थी। टीम द्वारा हिरण के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग के कार्यालय लाया गया जहां पशु चिकित्सक सफदर अली ने अधिकारियों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया और वन विभाग कार्यालय परिसर में ही विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। हिरण की उम्र 6 से 8 वर्ष बताई जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि गांव में एक और हिरण घुस आया था जिसकी तलाश वन विभाग द्वारा की जा रही है।

- दूसरे की तलाश जारी, पीएम उपरान्त किया गया अंतिम संस्कार



इस संबंध में प्रभारी रेंजर कमलेश राय ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि घायल अवस्था में सिरकोतगा स्कूल मैदान में हिरण पड़ा हुआ है। वाहन व्यवस्था करने में देरी होने से वन विभाग की टीम देर से पहुंची श्वास नली के काटने से हिरण की मौत हो चुकी थी। गांव में दूसरे हिरण की सूचना पर चार लोगों की टीम गठित की गई और हिरण की तलाश शुरू की गई है।

### करंट की चपेट में आने से ससुर की मौत, बहू की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** घर के सर्विस बिजली तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई जबकि बचाने गई बहू की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सोहगा निवासी राम विलास चौबे आ. स्व. सुकुल चौबे (81 वर्ष) गत दिन दोपहर 12 बजे स्नान करने के पश्चात कपड़ा को सूखा रहा था। इसी दौरान घर के बिजली सर्विस तार के संपर्क में आने से करंट की चपेट में आ गया। इधर घटना को देख बहू कुंती बचाने गई तो वह भी करंट लगने से मौके पर ही गिर अचेत हो गई। अचानक घर के दो लोगों के करंट की चपेट में आने से परिजन बिजली के मैन तार को काट दोनो को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राम विलास को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल महिला का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# मगरीहा नाला पार करने दौरान तीन माह की मासूम बच्ची लहरों में बही, सर्च ऑपरेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम गेतरा निवासी सरिता नामक महिला अपने तीन माह की नन्हीं बच्ची को गोद में लिए मगरीहा नाला पार कर रही थी इस दौरान पानी के तेज बहाव के कारण नन्ही बच्ची हाथ से फिसलकर लहरों के बीच पानी में बह गई। घटना बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की बताई गई है।

- बुधवार की दोपहर साढ़े 12 बजे की घटना, गेतरा निवासी सरिता ने गोद में पकड़कर रखा था बच्ची को

इस दौरान चीख पुकार मचने के बाद आसपास मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ सूरजपुर की टीम हरकत में आई और घटनास्थल की तरफ रवाना हुई। यहाँ पर कमांडेंट संजय गुप्ता के निर्देशन में सर्च ऑपरेशन युद्ध स्तर पर जारी है। टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता के नेतृत्व में बृज बिहारी, धनसाय नेताम, रीकेश, धीरेंद्र, तुलेश्वर, हंसलाल, शिवप्रताप, नेमसाय,टामेश्वर और कृष्णा मगरीहा नाला के कोने कोने में बच्ची को तलाश कर रहे हैं। मासूम बच्ची की मां सरिता की आंखें अब भी पानी की लहरों पर टिकी हुई हैं।



बच्ची की तलाश करते एसडीआरएफ के जवान।

बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे हैं। हर कोई नन्हीं जान की सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है। देर शाम होने तक बच्ची का कुछ पता नहीं चल सका है।

## जल संरक्षण के दिशा में जनभागीदारी एवं प्रशासन का विशेष प्रयास

# सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण में जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए गये मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जिले ने सोख्ता गड्ढों के निर्माण में वर्ल्ड रिकार्ड कायम किया है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और जिपं सीईओ श्रीमती नयन तारा सिंह तोमर के नेतृत्व में चलाए गये अभियान के दौरान जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 1 लाख 65 हजार 193 सोख्ता गड्ढ़ों का निर्माण किया गया।

जन सहभागिता से महिलाओं, ग्रामीणों द्वारा कराए गये सोख्ता निर्माण में बलरामपुर जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल शर्मा ने कलेक्टर राजेन्द्र कटारा व जिपं सीईओ श्रीमती नयन तारा सिंह तोमर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया।



बता दें कि जल संरक्षण के लिए जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोख्ता गड्ढों का निर्माण कराया जा रहा है। इस अभियान में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयन तारा सिंह तोमर के नेतृत्व में सभी जनपद पंचायतों में अभियान को सफल बनाने सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई। अभियान को सफल बनाने जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत स्तर पर दीवार लेखन जैसे अन्य गतिविधियां कर जागरूक किया गया। ग्राम स्तर पर जनसंवाद के माध्यम से जलसंरक्षण के महत्व को समझाया गया। पोस्टर, बैनर के माध्यम से अभियान को जन-जन तक पहुंचाया गया। साथ ही इस अभियान को सफल बनाने पंचायतों को तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। मोर गांव मोर पानी अभियान में महिला स्व-सहायता समूहों, प्रधानमंत्री आवास हितग्राही, नरेगा कार्ड जॉबधारी की प्रभावी भूमिका रही। उन्होंने स्वयं के घर पर सोख्ता गड्ढ़ा निर्माण कर अन्य महिलाओं को जागरूक किया और अपने आस-पड़ोस में स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी ली।

# जहरीला जंतु के काटने से छात्रावास के तीसरी के छात्र की हुई मौत

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर के दूरस्थ ग्राम झारा में स्थित बालक छात्रावास में मंगलवार की शाम जहरीला जंतु द्वारा कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले छात्र को काट लिया। इधर छात्र को सनावल अस्पताल ले जाने में काफी देर हो गई जिससे छात्र की अस्पताल ले जाते समय रास्ते मौत हो गई। घटना से परिजन में काफी आक्रोश है। इधर घटना के बाद छात्रावास अधीक्षक एवं मंडल संयोजक को तत्काल पद हटा दिया गया। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जांच करने पहुंचे। जानकारी के अनुसार बालक छात्रावास झारा में शाम 5 बजे के करीब कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले छात्र विजय कुमार सिंह आ. हीरालाल सिंह को जहरीला जंतु ने पैर में काट लिया। जिसके काफी देर बाद उसे सनावल अस्पताल ले जाया जा रहा था जिससे रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान छात्रावास अधीक्षक नहीं थे। विजय ग्राम पचवाल का रहने वाला था। परिजन को घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल सनावल अस्पताल पहुंचे जहां वे अपने मृत बच्चे को देखकर हतप्रभ रह गय। घटना के पश्चात छात्रावास अधीक्षक एवं मंडल संयोजक दोनों को पद से हटा दिया गया है।



- निलंबित हुए छात्रावास अधीक्षक, हटाए गए मंडल संयोजक

इस संबंध में सहायक आयुक्त समीक्षा जायसवाल ने बताया कि घटना के बाद छात्रावास अधीक्षक को हटा दिया गया है वही निलंबन के लिए जेडी को पत्र लिखा गया है। घटना के बाद मंडल संयोजक को भी पद से हटा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### एनएचएम कर्मचारियों के दो दिवसीय हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाएं हुई प्रभावित

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के दो दिवसीय हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है।गौरतलब है कि नियमितीकरण,जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे,अनुकंपा नियुक्ति,मेडिकल बीमा, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत सुरजपुर ब्लाक के करीब 128 कर्मचारी आज बुधवार से दो दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। मिशन के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने से अस्पतालों की सेवाओं के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के क्रियान्वयन में रुकावट आ गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर के ऑफिस व अस्पताल में कार्यरत करीब दो दर्जन मिशन के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से आज बुधवार को खासा असर दिखाई पड़ा।गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से अपनी सेवा शर्तों में सुधार, नियमितीकरण,अपनी नौकरी की सुरक्षा,समान काम समान वेतन की मांग लिए लगातार पिछली कई सरकारों के कार्यकाल में धरना प्रदर्शन आंदोलन व निवेदन ज्ञापन देते रहे हैं।इस सरकार के कार्यकाल में भी मोदी की गारंटी के नाम से उनकी समस्याओं के समाधान का वादा किया गया था, परंतु आज पर्यंत इस संबंध में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे सभी कर्मचारी अपनी मांग को लेकर पुनः दो दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं।

### केसीसी ऋण के नाम पर किसानों से की गई अवैध वसूली, कलेक्टर से शिकायत



**प्रतापपुर।** केसीसी ऋण के नाम पर किसानों से की गई अवैध वसूली तथा आदिवासी किसानों को अपमानित कर रहे समिति प्रबंधक की शिकायत को लेकर पीड़ित किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हमेशा से विवादित रहा हैं। चंदौरा में केसीसी ऋण के नाम पर नगद वसूली और चेक जारी न करने के गंभीर आरोप किसानों ने लगाया है। क्षेत्र के किसानों ने समिति प्रबंधक विजय कुमार देवांगन के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत कर जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पकनी, चंदौरा और दरहोरा के आदिवासी व अन्य कृषकों ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा केसीसी ऋण स्वीकृति कराने के नाम पर प्रत्येक किसान से 4 से 7 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई, किंतु अब तक चेक नहीं दिए जा रहे हैं। किसानों का का आरोप है कि जब वे बार-बार समिति कार्यालय जाते हैं तो उन्हें गुमराह किया जाता है और कभी-कभी जातिगत गालियां दी जाती हैं। ग्राम पकनी के किसान पंचन आ. चंदर साय ने बताया कि 7 हजार रूपए देने के बाद आज तक चेक नहीं मिला, बार-बार दौड़ाया जा रहा है जिससे खेती प्रभावित हो रही है। इस तरह सूर्यवंश आ. बंधन ने 4000 देने के बाद भी चेक नहीं मिलने की बात बताई। किसानों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### छतीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कुसमी।** छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर एसडीएम करुण डहरिया को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की मांग है कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केंद्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता तिथि से दिया जाए। समय पर देय महंगाई भत्ते का भुगतान कर सामान्यीकरण आदेश जारी करने। समयमान वेतनमान एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित त्रिवेदी कमेटी की रिपोर्ट सार्थकता पूर्ण लागू करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, सहायक शिक्षक एवं पंचायती राज नियुक्ति शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सक आदि को निश्चित समयमान संविलियन स्वीकृति आदेश जारी करने, कार्यरत अनुबंधित तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने सहित अन्य मांग शामिल है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक हरकेश भारती के नेतृत्व में एसडीएम को करुण डहरिया कुसमी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मांगों पर विचार नहीं करने पर दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर सभी विभाग के कर्मचारी अधिकारी विकासखंड मुख्यालय स्तर में धरना प्रदर्शन करने की बात कही। इस दौरान शशांक भूषण दुबे, दीपक सिन्हा, सौरभ कुमार, अनिल सिन्हा, ओम प्रकाश सोनवानी, राजेंद्र यादव, मुकेश यादव, प्रेम शंकर यादव, अविनाश सिंह, दिनेश यादव, उत्पल कुमार नुरुल हक, संतोष दुबे, उमेश्वर राम, विश्वनाथ भगत, हरि नारायण सिंह, अमरेश्वर पैकरा, दिलीप, नंदलाल कुजूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### वीरेंद्र सिंह (राजू)



**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा रोड समीप डीएमक्यू कॉलोनी डबल स्टोरी निवासी कॉलरीकर्मी वीरेंद्र सिंह (राजू) 58 वर्ष का मंगलवार 15 जुलाई को निधन हो गया। स्व. सिंह एसईसीएल की गायत्री खदान में स्विच बोर्ड अटेंडर के पद पर कार्यरत थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे जिनका राजधानी रायपुर में इलाज चल रहा था। बुधवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### मामला पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आए छात्रों का

# परिणाम के दो माह बाद पहुंची अंकसूची, पूरक परीक्षा कब होगी अब तक नहीं है कोई निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 14 साल बाद पांचवीं, आठवीं की ली गई बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल में घोषित होने के बाद उसकी अंकसूची आने में दो माह लग गए और परीक्षा परिणाम में जिन छात्रों को पूरक की पात्रता मिली उनकी पूरक परीक्षा कब होगी नए शिक्षण सत्र के शुरु होने के एक माह बाद भी इसके लिए कोई निर्देश जारी नहीं किए गए। छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे हैं।

**खास बात**

- अप्रैल माह में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठे छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में घोषित किया गया था उसके बाद से अंकसूची के लिए स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं को दो माह तक इंतजार करना पड़ा और अब जब अंकसूची मिल गई है तो पूरक आये छात्रों के सामने परीक्षा की स्थिति को लेकर भटकने की स्थिति निर्मित हो गई है। कब पूरक परीक्षा होगी और कब इसका रिजल्ट निकलेगा इसके संबंध में छात्र और उनके अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन भी स्पष्ट रुप से कोई जवाब नहीं दे पा रहा है। शासकीय स्कूलों के छात्र किसी तरह स्थानीय व्यवस्था पर अगले क्लास में बैठ रहे हैं किंतु स्थानांतरण में बाहर से आये छात्रों के सामने प्रवेश को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है। बिना अंकसूची ऐसे छात्रों को प्रवेश ही नहीं मिल रहा है। कुछ छात्र आठवीं की परीक्षा निजी स्कूल से देने के बाद जब 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए शासकीय स्कूल में पहुंच रहे हैं तो उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है। निजी स्कूलों में पूरक आने वाले छात्रों को अगली कक्षा में भी बैठने में परेशानी खड़ी हो रही है। इसे देखते हुए उनके अभिभावक जब शासकीय स्कूल पहुंच रहे हैं तो उनसे छात्र से उत्तीर्ण होने की अंकसूची मांगी जा रही है जो उनके पास नहीं है। पूरक परीक्षा कब होगी इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के द्वारा अब तक किसी भी स्कूल को जारी नहीं की गई है जबकि 16 जून से नये शिक्षण सत्र को शुरु हुए एक माह बीत चुका है तो वहीं परीक्षा परिणाम को घोषित हुए दो माह का लंबा समय बीत गया है।



**पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार**

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार है। ऐसे छात्रों के सामने परीक्षा को लेकर स्कूल का चक्कर काटने की मजबूरी हो गई है। स्कूल प्रबंधन अपने स्तर पर पांचवीं में पूरक आये छात्रों को छठवीं कक्षा में बैठा रहे हैं। वहीं 8वीं कक्षा में पूरक आने वाले छात्रों को 9वीं कक्षा में बैठाया जा रहा है किंतु जब पूरक परीक्षा की अंकसूची नहीं मिल जाती तब तक ऐसे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। जबकि पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में पूरक आने वाले छात्रों की कक्षाएं जून माह में शुरु हो जाती थी।

**अंकसूची में भी मिल रही गड़बड़ियां**

केंद्रीयकृत परीक्षा होने के कारण छात्रों के अंकसूची भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा राजधानी से जारी की गई है। जब अंकसूची छात्रों को मिली तो उस अंकसूची में जाति, दाखिल खारिज नंबर एवं नाम को लेकर बड़ी संख्या में गलतियां सामने आयी है। उन गलतियों को सुधारने के लिए स्कूल प्रबंधन ने अंकसूची देने के बाद ऐसे छात्रों से अंकसूची वापस ले लिया है जिनकी अंकसूची में गलतियां सामने आयी है। उक्त अंकसूची की गलतियां कब तक सुधरेगी इस संबंध में विभाग के द्वारा स्पष्ट नहीं की गई है। दोनों ही मामलों में छात्र छात्राओं के सामने भटकने के अलावा और कोई चारा सामने नहीं आता।



पुल के ऊपर से बहता पानी।

## मूसलाधार बारिश से लुरगी रामचंद्रपुर मुख्य मार्ग अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रामानुजगंज लूरगी से सनाावल मुख्य मार्ग रामचंद्रपुर के पीछे कलिकापुर कुरसा नदी में का पानी पुल के ऊपर आ गया जिससे दोनों ओर सुबह 8.30 बजे से आगमन अवरुद्ध हो गया। दोनों ओर घण्टो आवगमन अवरुद्ध रहा।

गौरतलब है कि रामानुजगंज लूरगी रामचंद्रपुर सनावल मुख्य मार्ग में बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन आना जाना करते हैं। रामचंद्रपुर में विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित है। यह मुख्य मार्ग है जहां आज सुबह 8.30 बजे से कुरसा नदी पुलिया के ऊपर से पानी जाने लगा जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। पुलिया के दोनों और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हैं जो पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं। कई स्कूलों में शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके वहीं रामचंद्रपुर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी आज कार्यालय में समय पर नहीं जा पाए। घंटों आवागमन अवरुद्ध रहा।

**40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी करना पड़ा तय**

पुलिया के ऊपर से पानी जाने के कारण सनावल रामचंद्रपुर क्षेत्र के लोगों को रामानुजगंज जिन्हें आना अति आवश्यक है उन्हें 40 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करके आना पड़ रहा है।

**एनीकट के कारण सड़क पर जाता है पानी**

जल संसाधन विभाग द्वारा बिना सूझबूझ के लोक निर्माण विभाग के सड़क के नजदीक कुरसा नदी में एनीकट का निर्माण कर दिया गया है। ऐसे में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार की समस्या बरसात के समय निर्मित हो जाती है। जब भी मूसलाधार बारिश होती है तो पानी सड़क पर पहुंच जाता है।

## श्रम संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आज से होगा प्रारम्भ

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष होने वाले श्रम संगठनों के सदस्यता सत्यापन का कार्य बिश्रामपुर क्षेत्र में गुरुवार 17 जुलाई एवं 18 जुलाई को संपन्न होगा, इन दो दिनों में अनुपस्थित रहने वाले कोल कर्मचारियों को अलग से 25 जुलाई को सदस्यता सत्यापन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा, जो कर्मचारी 17 से लेकर 25 जुलाई तक अधिकृत छुट्टी पर रहेंगे, उन्हें छुट्टी पर जाने के पूर्व अंतिम कार्य दिवस के दिन कार्मिक प्रबंधक के पास व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन के साथ ऑप्शन देने का अवसर भी दिया गया है।

- यूनियन पदाधिकारी कोल कामगारों से डोर टू डोर कर रहे संपर्क
- इस बार बीएमएस व एटक श्रमिक यूनियन के बीच सदस्यता संख्या को लेकर है सीधा मुकाबला

बताया गया कि सदस्यता सत्यापन के संबंध में जेसीसी की बैठक में यह भी तय किया गया कि जिस कर्मचारी की जहां बिलिंग होती है वहीं सदस्यता का सत्यापन होगा।क्षेत्रीय मुख्यालय में सदस्यता सत्यापन का समय 10:00 बजे सुबह से 1:00 बजे तक रहेगा।इस बार सदस्यता सत्यापन को लेकर प्रमुख श्रम संगठन बीएमएस और एटक के बीच सर्वाधिक सदस्य संख्या को लेकर सीधा मुकाबला बना हूआ है।

पिछले लंबे समय से क्षेत्र में बीएमएस का दबदबा बना हुआ है,सर्वाधिक सदस्यों के साथ गत वर्ष बीएमएस अव्वल नंबर पर रही, वहीं एटक बीएमएस के बाद दूसरे स्थान पर थी।इसके अलावा आपसी खींचातानी के चलते एचएमएस लगातार पिछड़ती चली जा रही है।इस वर्ष भी एचएमएस की स्थिति सुधरती नहीं दिख रही, वहीं इंटक भी अपनी उपस्थिति दिखाने संघर्षरत है।गौरतलब है कि कोल सेक्टर की पांच प्रमुख यूनियनों में क्रमशः बीएमएस,एटक,एचएमएस एवं इंटक कोल कामगारों से सदस्यता राशि चेक ऑफ सिस्टम से लेते हैं जबकि वाम मोर्चा समर्थित सीटू यूनियन कामगारों से सदस्यता के लिए राशि नगद लेती है।आज गुरूवार से शुरू हो रही सदस्यता सत्यापन को लेकर श्रम संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हैं,पदाधिकारियों के द्वारा डोर टू डोर संपर्क कर अपने यूनियन के पक्ष में सदस्यता सत्यापन के लिए कोल कामगारों से आग्रह किया जा रहा है।

## नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** नाबालिक बच्चियों से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले ग्रमीण ने शिकायत की थी कि डूमरखी निवासी राम नरेश ने 11 व 8 वर्ष की बच्चियों को पकड़कर उनसे अश्लील बात करते हुए छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस द्वारा शिकायत के बाद डूमरखी नवापारा निवासी 53 वर्षीय राम नरेश नगेसिया आ. फागु राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 78(2), 79 व पोक्सो एक्ट की धारा 10,12 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## मंच से नाम नहीं लेने पर भड़के लघु वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में उस वक्त हडकंप मच गया जब मंच पर सम्मान नहीं मिलने से लघु वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष भड़क उठे। वनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष मंच से नाम नहीं लिए जाने से नाराज हो गये और कार्यक्रम छोड़कर जाने लगे। इस दौरान डीएफओ ने मान मनौवल कर किसी तरह मामला शांत कराया जिसके बाद कार्यक्रम आगे बढ़ पाया। बता दें कि मंगलवार को बलरामपुर जिला मुख्यालय के आडिटोरियम में जिला स्तरीय चरण पादुका कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के महिला सदस्यों को चरणपादुका वितरित की जानी थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरगुजा के सांसद चिंतामणि महराज सहित विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल सहित कई बड़े भाजपा के पदाधिकारियों व वन विभाग के डीएफओ सहित एसडीओ रेंजर एवं तमाम बड़े नेता तथा जिले के अधिकारी उपस्थित थे। इसी कार्यक्रम में लघु वनोपज सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष लालसाय मिंज को भी विशिष्ट अतिथि बतौर मौजूद थे। जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई मंच संचालन कर रहे पुष्कर बरवा ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों को माइक से मंच पर विराजमान के लिए संबोधित किया परंतु लालसाय मिंज का नाम नहीं लिया जिससे लालसाय मिंज भड़क गए और अपने आप को अपमानित महसूस करते हुए वहां से जाने लगे। इस दौरान बलरामपुर डीएफओ आलोक कुमार बाजपेयी ने स्थिति को संभालते हुए तत्काल लालसाय मिंज को मनाया जिसके बाद लालसाय मिंज कार्यक्रम में शिरकत की। इस संबंध में लघु वनोपज सहकारी संघ के जिलाध्यक्ष ने लालसाय ने बताया कि जिला स्तरीय चरण पादुका कार्यक्रम में मुझे विशिष्ट अतिथि के रूप में बुलाया गया था। मंच में सभी भाजपा के लोगों को माइक से बुलाकर मंच पर बैठाया गया परंतु मुझे तब बुलाया गया जब मैं वहाँ से उठकर जाने लगा और मुझे पीछे सीट पर बैठाया गया। स्वागत के कड़ी में भी मुझे सबसे पीछे बलरामपुर के एक प्रबंधक द्वारा स्वागत कराया गया। इस कार्यक्रम में मुझे अपमानित किया गया।

- चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में अपमानित करने का लगाया आरोप



## बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर बलॉक कांग्रेस कमेटी ने किया धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंह देव, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मिश्रा के नेतृत्व में बिजली दर में की गई बढ़ात्तरी को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन पश्चात राज्य पाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंहदेव ने बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार ने बिजली दर में बढ़ोतरी की है। जिससे प्रदेश में आम जनता काफी परेशान है। बिजली दर में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट गैर बढ़ोतरी बिजली दर 25 पैसा प्रति यूनिट साथ ही कृषक के खेती किसानी में खपत होने वाले बिजली दर में 50 पैसा प्रति यूनिट के दर से बिजली दर में की गई बढ़ोतरी की गई है जिससे लोग परेशानी है। इसके अलावा आज कल खेती किसानी के समय में किसानों को सोसायटी द्वारा खाद बीज नहीं दिया जा रहा है जिससे क्षेत्र के कृषकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष के पी सिंह देव के नेतृत्व में नगर पंचायत में धरना प्रदर्शन के पश्चात कुसमी विद्युत कार्यालय का घेराव किया गया। जहां कांग्रेस पदाधिकारी सहित कुसमी ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार पारस शर्मा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, जिला महासचिव अरुण गुप्ता, श्रवण गुप्ता, जावेद रहमानी, खसरु बुनकर, संतोष इंदिवार, दीपक बुनकर, विजय गुप्ता, पूर्णिमा सेमरिया, वेदांत भारती, मो. मुदस्सिर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिजली दरों में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**लखनपुर।** प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा 20 माह में बिजली की दरों में प्रति यूनिट 80 पैसों की बढ़ोतरी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा देव तालाब के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम के नाम जेई सचिन कुजूर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए बिजली बिल दरों को वापस लेने मांग की।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनपुर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा 16 जुलाई की दोपहर 2 बजे भाजपा सरकार द्वारा 20 माह में बिजली की दरों में प्रति यूनिट 80 पैसे की बढ़ोतरी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और रैली के माध्यम से सहायक अभियंता कार्यालय पहुंच के सचिन हजूर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सदस्य विक्रमादित्य सिंहदेव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंहदेव, कांग्रेस नेता रमेश जायसवाल, दिनेश तायल, शराफत अली, इरशाद खान, मंडल अध्यक्ष जगरोपण यादव, मुकेश सिंह, सूरज सिंह, अजर राम चौधरी, जसीमुद्दीन खान, वीरेंद्र सहदेव, भानु राजवाड़े, मुजीब खान, राम सुजान द्विवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

## बिजली दरों को ले कर कांग्रेस जनता को कर रही गुमराह : सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में हुई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव और कांग्रेस जनता को जानबूझकर गुमराह कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी तकनीकी और आर्थिक कारणों से जरूरी थी न कि किसी राजनीतिक मंशा से। श्री सिसोदिया ने कहा कि राज्य सरकार को बिजली उत्पादन और वितरण लागत में भारी इज़ाफा झेलना पड़ रहा है। कोयले की कीमतें, ट्रांसमिशन लागत और रखरखाव खर्च में हुई बढ़ोतरी के चलते दरें समायोजित करना आवश्यक था। जब देश और दुनिया में ऊर्जा की लागत बढ़ रही है तो छत्तीसगढ़ भी उससे अछूता नहीं रह सकता। कांग्रेस के समय सिर्फ दरें कम दिखाने के लिए बिजली कंपनियों को भारी कर्ज़ में डूबो दिया गया था। भाजपा सरकार उसी गड्ढे से राज्य को बाहर निकाल रही है। उन्होंने टीएस सिंहदेव के कोयला हमारा, जमीन हमारी वाले बयान को भ्रामक बताया। सिसोदिया ने कहा कि अगर संसाधन राज्य के हैं तो जिम्मेदारी भी हमारी है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हम घाटे में जाकर पूरी व्यवस्था ठप कर दें। कांग्रेस का मॉडल सिर्फ सब्सिडी और वोट बैंक की राजनीति है जबकि भाजपा का मॉडल दीर्घकालिक विकास और जवाबदेही का है। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का बिजली न्याय आंदोलन शुद्ध रूप से एक राजनीतिक स्टंट है। कांग्रेस को अगर वाकई आम जनता की चिंता होती तो वो अपने शासनकाल में बिजली चोरी रोकते, तकनीकी सुधार करते और पारदर्शी नीति अपनाते। अब जब हमने सुधार शुरू किए हैं तो वही लोग विरोध कर रहे हैं।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411